THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI H. N. BAHUGUNA): (a) to (c). A Cabinet Committee on Drugs was constituted on 28th December, 1977 to consider the recommendations of the Department of Chemicals and Fertilizers on the report of the Hathi Committee. The Committee has already completed consideration of the various papers submitted by the Department of Chemicals and Fertilizers. A final decision on the Report is likely to be taken shortly by the Cabinet.

नयी रेलवे लाइनें

*116. **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू वित्त वर्ष के दौरान देश में कितनी नई रेल लाइनें बिछाने का विचार है;

(ख) योजना आयोग ने कितनी नई रेल लाइनों के लिए मंजूरी दी है ;

(ग) क्या रामपुर-रुद्रपुर-हल्द्वानी के बीच रेल लाइन बिछाने सम्बन्धी सर्वेक्षण कार्य पूरा कर लिया गया है ; और

(घ) रामपुर-हल्द्वानी रेल लाइन पर कार्य कब तक आरम्भ होने तथा पूरा होने की सम्भावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) चालू वित्त वर्ष में 28 नई रेल लाइनों के निर्माण का काम किया जा रहा है ।

(ख) योजना आयोग ने तीन रेल लाइनों के निर्माण की स्वीकृति दे दी है और इन्हें 1978-79 के बजट में शामिल कर लिया गया है । जहां तक उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की लाइनों का सम्बन्ध है, योजना आयोग द्वारा नियुक्त की गई एक समिति इन पर विचार कर रही है । इनके निर्माण के बारे में फैसला जल्दी ही कर लिया जायेगा ।

(ग) जी हां ।

(घ) रामपुर से हल्द्वानी तक बड़े आमान की प्रस्तावित रेल लाइन उस योजना का एक भाग है जो उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों तक एक सीधे रेल सम्पर्क की व्यवस्था करने के उद्देश्य से मुरादाबाद और रामपुर को बड़े आमान की रेल लाइन द्वारा रामनगर और काठगोदाम से मिलाने के लिए बनायी गई थी और जिसे 15 करोड़ रुपये की लागत पर 1974-75 के बजट में शामिल किया गया था । नवीनतम अनुमान के अनुसार, रामपुर से हल्द्वानी तक नई लाइन के निर्माण पर 14.42 करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है । उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से यह बताने का अनुरोध किया गया है कि किन चरणों में इस योजना के विभिन्न भागों का काम शुरू किया जाये । राज्य सरकार के उत्तर की अभी प्रतीक्षा की जा रही है । इस निर्माण-कार्य को शुरू करने की कोई निश्चित तारीख और इसके पूरा होने की सम्भावित तारीख के बारे में फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता ।

सिक्किम में रेल लाइनें

*117. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सिक्किम राज्य में कोई रेलवे लाइन नहीं है और यदि हां, तो क्या सरकार ने उस राज्य में रेल लाइनें बिछाने के लिए कोई योजना तैयार की है ;